# आदिवासी समाज की विधवा महिला को मारपीट करने गंदी-गंदी गाली देकर प्रताड़ित करने के मामले में न्यायालय ने लिया संज्ञान

## » सामाजिक न्याय संघ का एक और सराहनीय कार्य » रायगढ़ पुलिस की लचर कार्यवाही से असंतुष्ट होकर भेजा गया था मामला

रायगढ़। जातिगत गालीगलौज व मारपीट करने से पीड़ित एक आदिवासी महिला ने रायगढ़ पुलिस द्वारा किये गए कार्रवाई से असंतुष्ट होकर सामाजिक न्याय संघ में आवेदन किया। जिस पर संज्ञान लेते हुए सामाजिक न्याय संघ ने इसे चीफ जस्टिस् ऑफ इंडिया, सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया, राज्यपाल महोदय, चीफ जस्टिस् ऑफ छत्तीसगढ़, मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली, मुख्यमंत्री महोदय, छ0ग0 पुलिस महानिदेशक, रायपुर, पुलिस महानिरीक्षक, बिलासपुर, राज्य महिला आयोग, रायपुर , अनुसूचित जाति जनजाति आयोग, रायपुर, संजय जायसवाल, सत्र एवं जिला न्यायाधीश, रायगढ़, एस0पी0, रायगढ़, डी0एस0पी0, अ0जा0क0, थाना प्रभारी, थाना कोतवाली, थाना प्रभारी, थाना अ0जा0क0, जिला रायगढ़, छ0ग0 को कार्यवाही हेतु भेजा। उक्त मामले पर न्यायालय ने संज्ञान लिया है।

**यह था मामला–** सामाजिक न्याय संघ को प्रदत्त अपने आवेदन में जानकी सिदार ने कहा कि, मैं ''जानकी सिदार'' जौ0जे0 स्व0 प्रेमलाल, उम्र 42 वर्ष लगभग, निवासी रामबाग के पीछे, मोदीपारा, कोतरा रोड, रायगढ़, थाना कोतवाली रायगढ़, जिला रायगढ़, छ0ग0, मो0नं0 81036×××××× , की रहने वाली हूॅं। कहा कि, मैं आदिवासी समाज से आने वाली महिला हूॅं , और मैं रायगढ में कार्यरत् हूॅं। दिनॉक 06/02/2018 को सुबह 7.00 बजे के लगभग, संतोष के घर पूजा का पानी लेने जा रही थीं, तभी श्रीमती दुर्गा देवांगन मुझे देखते ही साली विधवा, आदिवासी, कलमुही, सुबह-सुबह इसका मुॅंह देख लिया, कहकर गाली-गलौज करने लगी। इसके बाद उसका पति महेश देवांगन भी वहॉं आ गया, और वो भी मुझे जातिगत गाली देकर मार-पीट करने लगा, हो-हल्ला सुनकर और मेरे बचाओ-बचाओ कर आवाज देने पर मेरी माता शगुनमति बीच-बचाव करने आई, तो महेश देवांगन बोला कि ''इधर मत आ बुढिया नहीं तो एक हाथ पड़ेगा तो एक ही बार में पार हो



जाएगी'', जिससे मेरी माता डर गई, और दोनो महेश एवं दुर्गा देवांगन ने मेरे साथ सार्वजनिक रुप से काफी मार-पीट की और मुझे सार्वजनिक रुप से बेईज्जत भी किया गया, जिससे मैं मानसिक रुप से प्रताड़ित हुई और समाज में बेईज्जत भी हुई। मैं सुबह-सुबह नाईटी में थीं, इस मार-पीट में महेश देवांगन द्वारा उसे भी खींचा गया, जिससे कि मेरी नाईटी फट गई, जो कि आज तक मेरे पास है, जिसे जांच के समय मेरे द्वारा प्रस्तुत किया जा सकता है।

अपने आवेदन में कहा कि, महेश देवांगन एवं दुर्गा देवांगन नहीं चाहते हैं कि मैं वहॉं रहूॅं , क्योकि पूर्व में उनके साथ मेरा जमीन सम्बंधी विवाद था, उनके द्वारा मेरी जमीन में कब्जा किया गया था, जो कि मेरे द्वारा आपत्ति किए जाने पर उनको छोड़ना पड़ा, जिसके कारण वे दोनों लगातार मुझसे खुन्नस रखतें हैं और मुझे लगातार जातिगत गाली-गलौज कर नीचा दिखाने का कार्य कर प्रताड़ित करते रहते हैं, जबकि जहॉं मैं निवासरत् हूॅं, वो मेरा मकान है, जो जमीन दबाई गई थी, वो भी मेरी है, और मैं विधवा महिला वहॉं अपने बच्चों के साथ निवास करती हूॅं।

### कोई कार्यवाही नहीं की रायगढ़ पुलिस ने

जानकी सिदार ने बताया कि उक्त घटना के बाद वह दिनॉक 06/02/2018 को कोतवाली थाना, रायगढ़ व एसपी रायगढ़ के पास लिखित शिकायत की। जहॉं कहा गया कि कार्यवाही करनें का आश्वासन मिला। इसके बाद दिनॉक 07/02/2018 को अ0जा0क0 थाना गई, जहॉं से कोतरा रोड थाना में बयान दने के लिए भेजा गया। इसके लगभग एक हफ्ते बाद शिवरात्रि दिनॉक 13/02/2018 को थाना में गवाह वृंदादास महंत, डोरीलाल महंत के बयान लिए गए, जिसके बाद से लगातार जानकी सिदार को रोज थाना बुलाया जाता और वह दिन-दिन भर वहां बैठी रहती, परंतु अब तक क्कोई कार्यवाही नहीं हो पाई। काफी बोले जाने और निवेदन करने के बाद दिनॉक 12/03/2018 को पुलिस वाले हमारे जानकी के मोहल्ले गये, तब एक अन्य गवाह संजय राठौर का भी बयान हुआ और अपराध सदर पाए जाने के बाद भी पुलिस हस्तक्षेप अयोग्य अपराध सम्बंधी दस्तावेज दिनॉक 16/03/2018 को दे दिया गया, जो कि एक आदिवासी विधवा महिला से अन्याय है, और यह न्यायोचित कार्यवाही नहीं है। पुनः जॉच करने हेतु और न्यायोचित कार्यवाही कराए जाने हेतु उक्त आवेदन मेरे द्वारा आपके समक्ष सामाजिक न्याय संघ में प्रस्तुत किया गया था।

### ये हुई कार्यवाही

दिनॉक 26/04/2018 को उक्त प्रकरण माननीय विशेष न्यायाधीश (एट्रोसिटीज) श्रीमती गिरिजा देवी मरावी के न्यायालय के समक्ष उक्त समस्त दस्तावेज एवं तथ्यों के सापेक्ष में प्रस्तुत किया गया। जिसमें प्रार्थिया एवं अन्य का बयान समक्ष न्यायालय हुआ। माननीय न्यायाल के द्वारा पुलिस को प्रतिवेदन हेतु आदेशित किया गया जिसमें पुलिस ने अपनी संज्ञान नहीं लेने की कार्यवाही को उचित ठहराया, लेकिन माननीय न्यायालय के द्वारा पुलिस के द्वारा की गई जॉच से संतुष्ट नहीं होते हुए प्रकरण को एक आपराधिक प्रकरण माना और प्रकरण पंजीबद्ध करते हुए आरोपियों को प्रोसेस् किया जाकर आहुत किया है। प्रार्थिया के द्वारा न्याय मिलने पर बेहद हर्ष व्यक्त किया गया है और अपने अधिवक्ता तथागत श्रीवास्तव को भी धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्ति के वारिशान को सहायता राशि स्वीकृत

**रायगढ़ ।** अनुविभाग खरसिया अंतर्गत शिवकुमार शर्मा, निवासी-वार्ड क्रमांक 8 सक्ती के 12 जुलाई 2021 को सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर एसडीएम खरसिया द्वारा मृतक के पिता विजय शर्मा को 25 हजार रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### रोड एक्सीडेंट में बाइक सवार की मौत, कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर जिले के अभनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चंडी में दो–पहिया चालक को तेज रफ्तार कार ने ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे दो–पहिया चालक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम ग्राम चंडी निवासी श्रीमती बेदू भारती 45 वर्ष ने अभनपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि 07 नवंबर को शाम करीबन 04.00 बजे प्रार्थिया का पति रामसिंग भारती सब्जी खरीदने के लिये अपने टीवीएस एक्सल क्रमांक सीजी 05 वी 9661 से अभनपुर गया था। सब्जी खरीदकर वापस अपने घर चंडी आ रहा था तभी रात्रि करीबन 07.20 बजे चंडी रोड कान्हा विहार आमनेर मोंड के पास सामने से आ रही कार क्रमांक सीजी 12 एपी 8693 के चालक ने ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे रामसिंग भारती को पैर व शरीर में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही मृत्यू हो गई है। घटना को रोड में आने जाने वाले एवं आसपास के लोग देखे है।मामले में पुलिस ने कार चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### जमीन बंटवारा को लेकर सगे भाईयों में सिर फुटौव्वल

**कोरबा (आरएनएस)।** पैतृक जमीन-जायदाद के बंटवारे को लेकर कल सुबह बड़े भाई ने छोटे भाई को लाठी से हमला कर लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर आगे की विवेचना शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार रजगामार चौकी के ग्राम पंचायत कोरकोमा के आश्रित ग्राम केरवा में निवासरत प्रभुलाल कंवर उम्र 45 वर्ष तथा बाबूलाल कंवर उम्र 50 वर्ष पिता खेम सिंह कंवर संयुक्त मकान में रहते थे। इनके मध्य पिता की मौत के बाद जमीन जायदाद के बंटवारे को लेकर आये दिन विवाद होते रहता था। कल सुबह 11 बजे के लगभग दोनों भाईयों के मध्य पुनरू जमीन बांटे को लेकर विवाद होने लगा। विवाद ज्यादा बढने़ पर बड़े भाई बाबूलाल ने लाठी से प्रभुलाल के उपर हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया। इस घटना के बाद घायल प्रभुलाल रजगामार चौकी पहुंचा। जिसके द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराये जाने पर चौकी पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 294, 506, 323 भादवि के तहत मारपीट किये जाने का अपराध पंजीबद्ध कर मामले की विवेचना शुरू कर दी।

## तेज रफ्तार मोटर साइकिल खड़ी ट्रक से टकराई एक युवक की मौत एक गंभीर

**कोण्डागांव (आरएनएस)।** जिले के बोरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत राजमार्ग 30 पर बोरगांव ढाबा के समीप तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सड़क पार करते व्यक्ति को ठोकर मारकर खड़ी ट्रक के नीचे जा घुसी, जिससे मोटर साइकिल सवार एक युवक की अस्पताल पहुंचते ही दम तोड़ा दिया और एक गंभीर रूप से घायल है।

प्रत्यक्षदर्शियों से मिली जानकारी के अनुसार रविवार शाम 07 बजे फरसगांव की ओर से कोंडागांव जा रही तीन सवारियों के साथ तेज रफ्तार मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 एनए 6856 बोरगांव ढाबा के समीप सड़क पार करते हुए एक व्यक्ति को टक्कर मारकर अनियंत्रित होकर सीधे राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर खड़ी ट्रक क्रमांक सीजी 18 पी 9121 के नीचे जा घुसी। जिसमें मोटरसाइकिल सवार एक युवक आशीर्वाद दत्ता पिता इंद्रजीत दत्ता उम्र 17 वर्ष निवासी विकास नगर कोण्डागांव की गंभीर रूप घायल अवस्था में जिला अस्पताल कोंडागांव लाने के दौरान मौत हो गई, वहीं एक अन्य गंभीर घायल युवक का इलाज जारी है। मोटर साइकिल सवार तीनों युवक कोंडागांव नगर के निवासी हैं। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और मामले की विवेचना में जुट गई है।

## 960 नग नशीले टेबलेट व 115 नग सिरप के साथ 5 युवक पकड़ाए



**कोरबा (आरएनएस)।** सिटी कोतवाली पुलिस ने पुख्ता सूचना पर कार्रवाई करते हुए 960 नग नशीले टेबलेट एवं 115 नग सिरप पांच लोगों से बरामद किया है। आरोपियों से पुलिस द्वारा गहन पूछताछ की जा रही है।

जानकारी के अनुसार सरहदी जिलों से नशीली सिरप तथा नशीले टेबलेट लाकर कोरबा शहर एवं आस-पास की स्लम बस्तियों में महंगे दामों पर एक संगठित गिरोह द्वारा आपूर्ति किया जाता था। मादक पदार्थों का सेवन करने वाले युवक इसकी चपेट में आने से बर्बादी की कगार पर पहुंचते जा रहे थे। जिसका व्यापक असर ऐसे युवकों के परिवार के अलावा उनके मोहल्लों में होने लगा था। इस वजह से परिवार से लेकर उनके मोहल्लों तक में लगातार अशांति की स्थिति बनी चली आ रही थी। इसी बीच मुखबिर से मिली सूचना पर कोतवाली पुलिस ने गौमाता चौक सीतामणी से 3 और सीतामणी मेनरोड से 2 लोगों को 115 नग सिरप एवं 960 नग नशीले टेबलेट जब्त कर लिये। पकड़े गए आरोपियों में एक होटल का मालिक तथा अवैध गांजा विक्रेता के शामिल होने की भी जानकारी छनकर आ रही है। इस पूरे मामले का खुलासा आज अपरान्ह या शाम तक किये जाने की भी जानकारी सूत्रों से मिली है। फिलहाल इस संवेदनशील मामले में पुलिस द्वारा गहन पूछताछ व विवेचना जारी है। जानकारी यह भी मिली है कि आरोपियों के कुछ और चौकाने वाले तथ्य प्रकाश में आ सकते हैं।

## अचानकमार की शेरनी का हुवा तबियत खराब, डॉक्टरो की देखभाल में चल रहा ईलाज

**बिलासपुर (आरएनएस)।** अचानकमार टाइगर रिजर्व के जंगल से रेस्क्यू कर लाई गई बाघिन का कानन पेंडारी में पांच माह से इलाज किया जा रहा है। लेकिन अभी तक वह स्वस्थ्य नहीं हो पाई है। शुक्रवार की सुबह बाघिन की अचानक तबीयत बिगड़ गई। जू कीपर ने कानन अधीक्षक संजय लूथर को बताया कि बाघिन अपने पैर से उठ नहीं पा रही है। इसके चलते वह क्राल से बाहर नहीं निकल रही है। जू प्रबंधन ने पशु चिकित्सक से जांच कराया, तब पता चला कि उसके कमर में सूजन है। स्थानीय डॉक्टरों से स्थिति नहीं संभलने पर आला अधिकारियों को सूचना दी गई। अचानकमार टाइगर रिजर्व के जंगल से रेस्क्यू कर लाइन गई बाघिन रजनी की तबीयत बिगड़ गई है। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। लिहाजा, इलाज के लिए दुर्ग से विशेषज्ञ बुलाना पड़ा। उन्होंने बाघिन का इंफ्रारेड फीजियोथैरैपी कराने के सुझाव दिया है। बाघिन अपने पैरों से खड़ा नहीं हो पा रही है। अचानकमार टाइगर रिजर्व में 6 जून को बाघिन को घायल अवस्था में देखा गया था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग के कर्मचारियों को दी। लेकिन, शुरूआत में मैदानी अमले ने कोई ध्यान नहीं दिया। तब उच्चाधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई। उनके निर्देश पर मैदानी अमला सक्रिय हुआ। तब जाकर दो दिन बाद 8 जून को एटीआर के हाथी के पीठ में

# संघर्ष का दूसरा नाम है शहीद नंदकुमार पटेल-मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

### » छत्तीसगढ़ सरकार शहीद पटेल के संकल्प व सपनों को पूरा करने के लिए लगातार कार्य कर रही है

**रायगढ़ ।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि शहीद नंदकुमार पटेल हमेशा सक्रिय रहते हुए किसान, मजदूर, आदिवासी, महिला एवं युवाओं के उत्थान व विकास के लिए लगातार काम करते रहे। शहीद नंदकुमार पटेल संघर्ष का दूसरा नाम थे। उनका छत्तीसगढ़ के विकास को लेकर, किसानों, आदिवासी मजदूरों, महिलाओं व युवाओं सहित सभी वर्गो के विकास के लिए जो संकल्प व सपना था उसको साकार करने के लिए आज छत्तीसगढ़ की सरकार लगातार कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री बघेल आज रायगढ़ जिले के विकसखंड मुख्यालय खरसिया के विश्राम गृह के सामने शहीद नंदकुमार पटेल की आदमकद प्रतिमा का अनावरण करने के बाद महात्मा गांधी कालेज प्रांगण में आयोजित आमसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गोधन न्याय योजना, किसान न्याय योजना, लघु वनोपज की खरीदी, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, राजीव युवा मितान क्लब सहित शासन की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से हम शहीद नंदकुमार पटेल की सोच को धरातल में पूरा करने के लिए निरंतर कार्य कर रहे है। हमारा यह लक्ष्य भी है कि उनके बताए रास्तों पर चलते हुए उनके सपनों को साकार करते हुए उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सके।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि फसल विविधिकरण के लिए चलायी जा रही राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत धान सहित खरीफ की फसलों के लिए दी जाने वाली इनपुट सब्सिडी प्रति एकड़ 9 हजार रुपये रहेगी तथा इससे कम नहीं होगी। उन्होंने कहा कि इस योजना से किसानों की आर्थिक स्थिति बेहतर हुई है। आने वाले वर्षो में धान का समर्थन मूल्य बढ़ता है, तो किसानों को धान का अधिक मूल्य मिलेगा। उन्होंने कहा कि झीरम घाटी के शहीदों को जब तक न्याय नहीं मिलेगा, हम चैन से नहीं बैठेंगे।

उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल ने कहा कि शहीद नंदकुमार पटेल विकास कार्यो के लिए भविष्य की सोच रखकर कार्य करते रहे। वे लगातार किसान, श्रमिक, युवाओं, महिलाओं सभी के विकास के लिए कार्य करते रहे। उन्होंने कहा कि वे शिक्षा को लेकर हमेशा कार्य करते रहे जिसके बदौलत आज खरसिया क्षेत्र में नवोदय विद्यालय, एकलव्य विद्यालय, मॉडल स्कूल व स्वामी आत्मानंद स्कूल यह चारों संस्थाएं संचालित हैं। उन्होंने कहा कि उनका एक सपना था कि यहां के धरमजयगढ़ तथा अन्य दूरस्थ अंचल के छात्रों की सुविधा के लिए रायगढ़ में यूनिवर्सिटी खोला जाए। जब मैंने यह बात मुख्यमंत्री बघेल से कही तो




उन्होंने कालेज जाने वाले छात्रों की सुविधा के लिए रायगढ़ में शहीद नंदकुमार पटेल के नाम से यूनिवर्सिटी खोलने का निर्णय लिया। जिसके लिए क्षेत्र के सभी विद्यार्थियों की ओर से मैं उनका आभार जताता हूं। आज खरसिया में शहीद नंदकुमार पटेल की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस अवसर पर उन्हें सभी की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने इस मौके पर उनके साथ किए गए कार्यो से जुड़े अनुभव को साझा करते हुए कहा कि अविभाजित मध्यप्रदेश के समय से वे छत्तीसगढ़ तथा यहां के किसानों व लोगों के हितों व विकास के लिए पूरी दमदारी से अपनी बात रखते थे। मन से कोमल व संवेदनशील तथा पूरी बहादुरी से संघर्ष करने वाला व्यक्तित्व उनकी पहचान थी। छत्तीसगढ़ व छत्तीसगढ़िया लोगों को विकास की राह पर लगातार आगे ले जाने की उनकी सोच थी, जिसको आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की सरकार पूरा करने का कार्य कर रही है।

खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि वे सदैव हमें सीख देते थे कि कुछ करना है तो छत्तीसगढ़ के माटीपुत्रों के लिए काम करो। उनकी इसी सोच को लेकर आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की सरकार लगातार जनविकास के कार्य कर रही है। राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि वे इरादे के पक्के व दृढ़ इच्छा शक्ति वाले थे। वे बड़ी मजबूती से अपनी बात रखते थे। अपनी सोच को धरातल में उतारना उन्हें बखूबी आता था, जिसकी बदौलत उन्होंने खरसिया में विकास कार्य को हमेशा नई ऊंचाईयां दी। विधायक कोण्डागांव मोहन मरकाम ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका नेतृत्व कौशल अद्भुत था। सरपंच के पद से शुरूआत कर राज्य का गृहमंत्री बनना उनकी नेतृत्व क्षमता व योग्यता को दिखाता है।

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शहीद नंदकुमार पटेल की प्रतिमा का किया अनावरण



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज रायगढ़ जिले के विकासखण्ड मुख्यालय खरसिया में शहीद नंदकुमार पटेल की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया। लगभग साढ़े 10 फीट ऊंची यह प्रतिमा विश्राम गृह के सामने स्थापित की गई है, इसे तांबा, जिंक, लेड व टिन के मिश्र धातु से तैयार किया गया है। शहीद नंद कुमार पटेल की प्रतिमा अनावरण के अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल, कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, खाद्य व संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत, संसदीय सचिव चिंतामणी महाराज, द्वारकाधीश यादव, चंद्रदेव राय, विधायक लालजीत सिंह राठिया, विधायक प्रकाश नायक, विधायक चक्रधर सिंह सिदार, विधायक श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े, विनय भगत, गुलाब कमरो, किस्मत लाल नंद, मोहित राम केरकेट्टा, छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष महंत राम सुंदरदास, छत्तीसगढ़ राज्य पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी, छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, सदस्य छत्तीसगढ़ बीज निगम दिलीप पाण्डेय, आईजी रतन लाल डांगी, कलेक्टर रायगढ़ भीम सिंह, पुलिस अधीक्षक रायगढ़ अभिषेक मीणा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

इस मौके पर संसदीय सचिव चिंतामणी महाराज, द्वारकाधीश यादव, चंद्रदेव राय, विधायक लालजीत सिंह राठिया, विधायक प्रकाश नायक, विधायक चक्रधर सिंह सिदार, विधायक श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े, विनय भगत, गुलाब कमरो, किस्मत लाल नंद, मोहित राम केरकेट्टा, छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष महंत राम सुंदरदास, छत्तीसगढ़ राज्य पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी, छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, सदस्य छत्तीसगढ़ बीज निगम दिलीप पाण्डेय, आईजी रतन लाल डांगी, कलेक्टर रायगढ़ भीम सिंह, पुलिस अधीक्षक रायगढ़ अभिषेक मीणा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO:- CHHHIN/2018/76480